# संभाग पोस्ट

साप्ताहिक

RNI: MPHIN/2015/60688 | जिलों से संभाग तक का सच | email:sambhagpost@gmail.com

वर्ष-9 | अंक-39 | प्रति मंगलवार, इंदौर, 24 फरवरी 2026 से 2 मार्च 2026 | मूल्य- 2 रु. | पृष्ठ- 8





## महाकुंभ की जमीन पर महाघोटाला?

# इंदौर के प्राचीन 'खालसा' की जमीन पर कब्जे का आरोप

SPECIAL REPORT

✍नवीन गलकर

**उज्जैन/इंदौर। उज्जैन के मंगलनाथ रोड स्थित अंकपात गेट के समीप श्री हंसदास मठ पीलियाखाल संस्थान (इंदौर खालसा) की स्वामित्व वाली भूमि पर अवैध अतिक्रमण और निर्माण कार्य का मामला सामने आया है। धार्मिक नगरी उज्जैन में आगामी सिंहस्थ की तैयारियों के बीच जमीन विवाद का मामला सामने आया है। हंसदास मठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर पवनदास महाराज ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि इंदौर खालसा की सिंहस्थ के लिए आरक्षित जमीन पर अवैध निर्माण कर कब्जा कर लिया गया है।**

महाराज ने वीडियो जारी कर बताया कि खसरा नंबर 947 और 948 की जमीन इंदौर खालसा और हंसदास मठ की मालिकाना हक वाली भूमि है। उन्होंने दावा किया कि पिछले 300 वर्षों से यहां सिंहस्थ मेले के दौरान इंदौर खालसा का पड़ाव (मुकाम) लगता आ रहा है। यह जमीन पूरी तरह से सिंहस्थ और धार्मिक कार्यों के लिए आरक्षित है, जिस पर किसी भी प्रकार का पक्का निर्माण कानूनन वर्जित है। पवनदास महाराज ने इस कृत्य को 'निंदनीय' बताते हुए चेतावनी दी है कि यदि यह अवैध कब्जा नहीं हटाया गया, तो सिंहस्थ से पहले देशभर के साधु-संत यहाँ धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने इस संबंध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने और कानूनी कार्रवाई करने की बात भी कही है। पवनदास महाराज ने बताया की यह भूमि वर्षों से इंदौर खालसा के मुकाम के लिए उपयोग की जा रही है। हर 12 वर्ष में आयोजित होने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले में देशभर के संत-महंत इसी स्थान पर एकत्र होते हैं। वर्ष 2016 के कुंभ में भी इसी जमीन पर खालसा का मुख्य पड़ाव था। संस्थान का दावा है कि इस कृषि भूमि पर संवत 1984 के मिसल बंदोबस्त और रिकॉर्ड ऑफ राइट्स में गुरु महंत रामरतनदास जी का नाम दर्ज है। आरोप है कि 'श्री महाकाल महेश सेवा ट्रस्ट' नामक संस्था द्वारा इस जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।

पवनदास महाराज के अनुसार उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत उज्जैन संभागायुक्त को भी की जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए उज्जैन संभागायुक्त आशिष सिंह ने तुरंत संज्ञान लिया है। उन्होंने उज्जैन नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।



'भगवान महाकाल उन्हें सद्बुद्धि दें। संतों की जमीन और सिंहस्थ जैसी पवित्र परंपरा के लिए आरक्षित भूमि पर कब्जा करना शर्मनाक है। हम अपनी जमीन वापस लेने के लिए हर संभव लड़ाई लड़ेंगे।'

– महामंडलेश्वर पवनदास महाराज (हंसदास मठ, इंदौर)



## सुविचार

मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता.

## संपादकीय

# एआइ पर भारत के साथ विश्व

दिल्ली में संपन्न 'इंडिया एआइ इंपैक्ट समिट' के घोषणापत्र पर 86 देशों और दो अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा हस्ताक्षर किया जाना एआइ के प्रभावों पर मिले वैश्विक समर्थन को दर्शाता है. हस्ताक्षर करने वालों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, चीन, डेनमार्क, रूस और जर्मनी आदि शामिल हैं. यह 'ग्लोबल साउथ' में आयोजित होने वाला दुनिया का पहला वैश्विक एआइ शिखर सम्मेलन तो था ही, इसमें दुनियाभर के सरकारी नीति-निर्माताओं, एआइ क्षेत्र के उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, टेक्नोलॉजी इनोवेटर्स और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया. इस समिट का फोकस एआइ की परिवर्तनकारी क्षमता पर विचार करने के साथ-साथ, 'मानवता के लिए एआइ' के वैश्विक सिद्धांत को आगे बढ़ाना था. यह शिखर सम्मेलन एआइ के प्रशासन, सुरक्षा मानकों और समाज पर इसके प्रभाव को लेकर वैश्विक सहयोग को मजबूत करने की एक विकसित होती अंतरराष्ट्रीय प्रक्रिया का भी हिस्सा था. शिखर सम्मेलन के समापन पर अपनायी गयी घोषणा में एआइ को एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसके लाभों का व्यापक वितरण होना चाहिए. 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के मार्गदर्शक विचार पर आधारित यह घोषणा एआइ के जिम्मेदार संचालन और उपयोग के लिए गहन अंतरराष्ट्रीय सहयोग और बहु - हितधारक दृष्टिकोण का आह्वान करती है. प्रतिभागियों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि वर्तमान क्षण तकनीकी विकास में एक निर्णायक मोड़ का प्रतिनिधित्व करता है. दस्तावेज में सात स्तंभों वाला एक ढांचा प्रस्तुत किया गया है, जिसे 'चक्र' कहा जाता है, और जिसमें मानव पूंजी विकास, समान पहुंच, विश्वास और सुरक्षा, ऊर्जा दक्षता, वैज्ञानिक प्रगति, संसाधन लोकतंत्रीकरण और सामाजिक हित के अनुरूप आर्थिक विकास शामिल हैं. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यूमन सेंटर्ड एआइ की दृष्टि को वैश्विक स्तर पर स्वीकार किया गया है. एआइ संसाधनों, सेवाओं और टेक्नोलॉजी को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने का लक्ष्य सभी देशों ने स्वीकार किया है. उन्होंने यह भी कहा कि आर्थिक वृद्धि के साथ सामाजिक भलाई को संतुलित करने को प्राथमिकता दी जा रही है. सुरक्षा और भरोसा इस योजना के केंद्र में हैं और इन्हें मुख्य बिंदुओं में शामिल किया गया है.

# संस्था न्यायाश्रय द्वारा 'अनिवार्य मतदान अधिनियम' लागू करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम दिया जाएगा ज्ञापन

**इंदौर । संभाग पोस्ट**

विधिक जागरूकता एवं संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत पंजीकृत सामाजिक संस्था न्यायाश्रय द्वारा भारत में 'अनिवार्य मतदान अधिनियम (Compulsory Voting Act)' लागू किए जाने की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम एक ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा।

संस्था का मानना है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के बावजूद चुनावों में अपेक्षाकृत कम मतदान प्रतिशत लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। संस्था के अध्यक्ष डॉ पंकज वाधवानी एडवोकेट ने बताया कि लोकसभा, विधानसभा एवं स्थानीय निकाय चुनावों में औसतन लगभग 60 से 70 प्रतिशत मतदान ही हो पाता है, जबकि शेष नागरिक मतदान के अधिकार का उपयोग नहीं करते। कई बार यह देखा जाता है कि मतदान दिवस को अवकाश के रूप में लेकर लोग निजी कार्यक्रमों या यात्राओं में व्यस्त हो जाते हैं, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित होती है।

### वोट नहीं डालने वालों को रुपए 2000 का होना चाहिए दंड

ज्ञापन में मतदान को नागरिकों का संवैधानिक कर्तव्य घोषित करने तथा प्रत्येक पात्र मतदाता के लिए मतदान को अनिवार्य बनाने का सुझाव दिया गया है। प्रस्ताव में मतदान न करने वाले मतदाताओं पर रु. 2000 तक का आर्थिक दंड निर्धारित करने का सुझाव भी दिया गया है।

### उचित कारण वालों को ही मिले छूट

संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट डॉ पंकज वाधवानी ने कहा है कि संस्था द्वारा यह भी प्रस्ताव रखा गया है कि गंभीर बीमारी, शारीरिक अक्षमता, विदेश प्रवास, प्राकृतिक आपदा अथवा अन्य उचित कारणों की स्थिति में दंड से छूट प्रदान की जाए। साथ ही मतदाताओं को मतदान केंद्र जाकर NOTA विकल्प चुनने का अधिकार सुरक्षित रखा जाए। ज्ञापन में वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों तथा दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले मतदाताओं के लिए वैकल्पिक मतदान व्यवस्था विकसित करने का सुझाव दिया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य राज्यों में कार्यरत मतदाताओं एवं प्रवासी भारतीयों के लिए पोस्टल बैलेट अथवा सुरक्षित डिजिटल मतदान प्रणाली पर विचार करने की मांग की गई है। संस्था ने यह भी सुझाव दिया है कि मतदान न करने पर लगाए गए दंड को स्थानीय प्रशासन द्वारा राजस्व बकाया के रूप में वसूल किया जा सके तथा बार-बार मतदान न करने वालों के संबंध में सीमित प्रशासनिक प्रतिबंधों पर भी विचार किया जा सकता है। संस्था न्यायाश्रय का मानना है कि कई लोकतांत्रिक देशों में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था लागू होने से मतदान प्रतिशत 90 प्रतिशत से अधिक रहता है। भारत में भी यह व्यवस्था लागू होने से लोकतंत्र अधिक प्रतिनिधिक, उत्तरदायी और सशक्त बन सकेगा। संस्था ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया से निवेदन किया है कि इस विषय को संसद एवं विधि आयोग के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत कर आवश्यक विधायी प्रक्रिया प्रारंभ की जाए।

# 250 यात्रियों की मां वैष्णो देवी दर्शन यात्रा रवाना

**इंदौर । संभाग पोस्ट**



इंदौर की एक सामाजिक संस्था द्वारा 250 यात्रियों की मां वैष्णोदेवी दर्शन यात्रा इंदौर रेलवे स्टेशन से श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुई। यात्रा आयोजक रवि चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा की शुरुआत विशाल चुनरी यात्रा के साथ की गई,जिसमें इमली बाजार स्थित राम मंदिर से रेलवे स्टेशन तक निकली गई।संस्था द्वारा यात्रियों को नाममात्र शुल्क पर यह तीर्थ यात्रा कराई जा रही है, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु माता वैष्णोदेवी के दर्शन का लाभ ले सकें।

उन्होंने बताया कि इस यात्रा के अंतर्गत मां वैष्णोदेवी, शिवखोड़ी के प्रमुख मंदिरों के दर्शनों के साथ पटनीटॉप की यात्रा करेंगे। यात्रा के दौरान यात्रियों की सुविधा, आवास, भोजन एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्थाएं संस्था द्वारा की गई हैं। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया सहित संस्था के सागर लखार, सुनील ठाकुर, पंकज यादव, नितेश तंवर, रवि अग्रवाल, संजू मीणा, प्रदीप नायक, देव चंदेरिया, सौरभ सोनी, पंकज कैथवास, धर्मेंद्र भंडारी, दीपू मेहरा, जीतू मालवीय, श्याम दशोरे, शेखर चौहान, नारायण सोनगरा, राहुल सोलंकी, प्रकाश मालाकार, गज्जू भाई, पवन परमार, दुर्गेश परमार, सन्नी नामदेव, अमन सैनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी यात्रियों के मंगलमय सफर की कामना की। सामाजिक संस्था के इस प्रयास की शहर में सराहना की जा रही है, जिससे धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ सामाजिक सेवा की भावना को भी बल मिल रहा है।

# पर्यावरण का संरक्षण हमारा कर्तव्य ही नहीं धर्म भी है : डॉ संतोष वाधवानी



भाजपा नेता और सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर संतोष वाधवानी ने अपना वक्तव्य वह जारी करते हुए कहा कि होलिका दहन हमारी आस्था व परंपरा का प्रतीक है, पर इसे पर्यावरण हितैषी बनाना समय की आवश्यकता है। इस बार संकल्प लें कि होलिका दहन केवल उपलों या गोकाष्ठ से करें, हरे पेड़ों की कटाई बिल्कुल न करें। बिना पत्तियों के वृक्ष जीवित होते हैं, उन्हें ईंधन समझकर काटना प्रकृति के प्रति अन्याय है। गौशालाओं में गोकाष्ठ विक्रय केंद्र स्थापित किए जाएं, ताकि लोग वहीं से उपले खरीद सकें। इससे प्राप्त आय गौमाता के आहार और देखभाल में सहायक बनेगी। एक छोटा-सा निर्णय लाखों गायों के वर्षभर के चारे की व्यवस्था में योगदान दे सकता है। आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण और गोसेवा का संदेश भी फैलाएं। उपलों की होली जलाएं, प्रकृति बचाएं, पुण्य के सहभागी बनें।

✍ **डॉ. संतोष वाधवानी**
**भाजपा सांसद प्रतिनिधि**
**(जीएसटी विभाग) इंदौर**
**मध्य प्रदेश**
**9826384585**

# जन्मदिवस पर अनाथाश्रम के बच्चों को श्री सांवरिया सेठ की निःशुल्क धार्मिक यात्रा

**इंदौर । संभाग पोस्ट**




शहर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था त्रिनेत्रम सामाजिक संगठन द्वारा सामाजिक सरोकारों के अंतर्गत कालानी नगर स्थित उन्मुक्त आनंद बाल आश्रम के बच्चों एवं वृद्धाश्रम की माताओं को राजस्थान के प्रसिद्ध श्री सांवरिया सेठ मंदिर की निःशुल्क धार्मिक यात्रा करवाई गई। संस्था अध्यक्ष हर्षल चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था के उपाध्यक्ष सुनील ठाकुर के जन्मदिवस के अवसर पर प्रति वर्ष सेवा कार्यों के अंतर्गत निःशुल्क धार्मिक यात्रा का आयोजन किया जाता है। पूर्व वर्षों में यह यात्रा वृद्धाश्रम के सदस्यों के लिए आयोजित की जाती रही है। इसी क्रम में इस वर्ष उन्मुक्त आनंद बाल आश्रम के बच्चों एवं वृद्धाश्रम की माताओं को श्री सांवरिया सेठ जी के दर्शन हेतु विशेष रूप से यात्रा करवाई गई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ दर्शन किए तथा मंदिर परिसर में आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। मंदिर के पुजारी दिनेश महाराज एवं यश महाराज जी ने सभी भक्तों को विधिवत दर्शन कराकर प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर सूरज जोशी, मनोज देवड़ा, आदेश चौबे, सुधांशु जायसवाल , विनोद अहिवले, राम मनोहर अहीर, गोपाल परिहार, राहुल शेखावत,सुमित जाटव, निक्की परिहार एवं दीपक जैसवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहकर सहयोग किया। उन्मुक्त आश्रम की संचालिका सौम्या जैन मैडमने बताया कि आश्रम के सभी बच्चे इस धार्मिक यात्रा से अत्यंत प्रसन्न हुए तथा इसे अपने जीवन का विशेष अनुभव बताया। उन्होंने संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया। संस्था द्वारा विगत 13 वर्षों से इस प्रकार की धार्मिक यात्रा ओर सामाजिक कार्य निरंतर जारी हे।

# अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर गूंजी मैथिली लोकगीतों की मधुर तान, विविध भारतीय भाषाओं, व्यंजनों का हुआ संगम

**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में इंदौर का चिमनाबाग मैदान भाषाई विविधता और सांस्कृतिक एकता का साक्षी बना। डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति एवं भारतीय भाषा संवर्धन समिति द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में मैथिली समुदाय ने अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोकगीतों की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।

मिथिला की संस्कृति और लोक परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन

कार्यक्रम में मैथिली भाषी समुदाय ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विशेषज्ञों और वक्ताओं ने मैथिली साहित्य, संगीत और पारंपरिक लोक परंपराओं के महत्व पर प्रकाश डाला।

मधुर स्वरः 'इंदौर सखी बहनपा मैथिलानी समूह' की महिलाओं ने पारंपरिक मैथिली लोकगीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिससे पूरा माहौल मिथिलांचल के सांस्कृतिक रंगों में सराबोर हो गया।

स्वाद का संगमः कार्यक्रम स्थल पर लगे पारंपरिक मिथिला व्यंजनों के स्टॉल्स दर्शकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहे, जहाँ लोगों ने मैथिली खान-पान का लुत्फ उठाया।

अनेकता में एकताः 15 से अधिक भाषाओं का प्रतिनिधित्व

यह आयोजन केवल एक भाषा तक सीमित नहीं था, बल्कि इसने भारत की 'अनेकता में एकता' की भावना को चरितार्थ किया। मैथिली के साथ-साथ निम्नलिखित भाषाओं में भी प्रस्तुतियाँ दी गईंः

संस्कृत, निमाड़ी, मालवी, भीली, भोजपुरी, मलयालम, तेलुगु, कन्नड़, मराठी, पंजाबी, मारवाड़ी, सिंधी, गुजराती, नेपाली, हिंदी और गढ़वाली।

प्रमुख हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति :




इस सांस्कृतिक महाकुंभ में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के प्रधान सचिव पी. नरहरि उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त मेजर जनरल सरबजीत सिंह देउसी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

मैथिल समाज के प्रमुख सहभागीः

1ः आदित्य नाथ झा, मुकेश झा और नुनू झा।

2ः ऋतु झा, सुषमा झा और सोनी झा (इंदौर सखी बहनपा मैथिलानी समूह)।

भाषा संरक्षण पर जोर : आयोजन समिति के क्षेत्रीय संपर्क प्रमुख प्रवीण गुप्ता ने अपने मुख्य भाषण में भारत की समृद्ध भाषाई विरासत के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भाषाएँ केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी विशिष्ट पहचान और संस्कृति की संवाहक हैं।



# सेवा और समर्पण के लिए पवन राठी सम्मानित

## समाज व पत्रकारिता में योगदान पर हुआ अभिनंदन

**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**

शहर में सामाजिक एवं पत्रकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवी एवं शिक्षाविद् पवन राठी का सम्मान किया गया। यह सम्मान समारोह नेताजी सुभाष मंच, श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट एवं अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सैनानी उत्तराधिकारी संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, महामंडलेश्वर दादूजी महाराज तथा युंका नेता मनोहर धवन की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने पवन राठी को शाल-श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। वक्ताओं ने कहा कि पवन राठी ने पत्रकारिता के माध्यम से समाजहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है तथा शिक्षा एवं सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। उनका कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी है। मंच के अध्यक्ष मदन परमालिया एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल ने बताया कि समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित करने की परंपरा आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## सी जी एस टी शिकायत निवारण समिति में मालवा चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अजीत सिंह नारंग बने 'सदस्य'



**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**

मालवा चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष डॉ संतोष वाधवानी और सचिव सुरेश हरियानी ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय कर (सी एस टी)केंद्रीय उत्पादन शुल्क एवं सीमा शुल्क भोपाल जोन की राज्य स्तरीय मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ शिकायत निवारण समिति में मालवा चैंबर आफ कमर्स इन इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अजीत सिंह नारंग को सदस्य मनोनीत किया गया, उनके सदस्य मनोनीत होने पर (सांसद) शंकर लालवानी, डॉ संतोष वाधवानी (सांसद प्रतिनिधि) सुश्री रोशनी शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार नवीन यादव, एडवोकेट पंकज वाधवानी, पवन कुकरेजा, गगनदीप सिंह भाटिया, अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की

# मोटापे की 5 लाख रु की सर्जरी फ्री, एमवाय अस्पताल में शुरू हुई सुविधा

**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**



**इंदौर का महाराजा यशवंतराव ( एमवाय ) अस्पताल मध्य प्रदेश का ऐसा पहला सरकारी चिकित्सा संस्थान बन गया है जहां बेरियाट्रिक सर्जरी की सुविधा पूरी तरह से निशुल्क प्रदान की जा रही है। अस्पताल प्रशासन ने मोटापे से परेशान मरीजों के लिए 23 फरवरी से राजेंद्र धारकर ओपीडी में एक विशेष बेरियाट्रिक क्लीनिक शुरू करने का निर्णय लिया है। इस विशेष क्लीनिक में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम नियमित रूप से मरीजों की स्वास्थ्य जांच और परामर्श के लिए उपलब्ध रहेगी।**

### आयुष्मान भारत योजना के तहत उपचार होगा

अस्पताल प्रबंधन के आधिकारिक वक्तव्य के अनुसार अत्यधिक वजन और मोटापे से जुड़ी अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे मरीजों का ऑपरेशन आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत मुफ्त किया जाएगा। जिन पात्र मरीजों के पास आयुष्मान कार्ड उपलब्ध नहीं है, उन्हें भी निराश होने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित रियायती दरों पर सर्जरी की सुविधा दी जाएगी। यह कदम आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए जीवन रक्षक सिद्ध होगा।

### निजी अस्पतालों के मुकाबले बड़ी राहत मिलेगी

चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि निजी अस्पतालों में इसी प्रकार की बेरियाट्रिक सर्जरी के लिए मरीजों को 5 से 6 लाख रुपए तक खर्च करने पड़ते हैं। सरकारी स्तर पर इस महंगी सर्जरी के मुफ्त होने से मध्यम वर्ग और गरीब मरीजों को बड़ी वित्तीय राहत मिली है। हाल ही में इंदौर की एक 30 वर्षीय महिला, जिनका वजन 120 किलोग्राम था और जो डायबिटीज व हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों से पीड़ित थीं, उनकी सफल लेप्रोस्कोपिक मिनी गैस्ट्रिक बायपास सर्जरी की गई। 12 फरवरी को हुए इस सफल ऑपरेशन के बाद मरीज के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हुआ और 17 फरवरी को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया।

### विशेषज्ञ टीम की देखरेख में सफल ऑपरेशन हुआ

इस जटिल सर्जरी को संपन्न करने में लगभग दो घंटे का समय लगा। इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में मेडिकल कॉलेज के डीन और वरिष्ठ सर्जन डॉ. अरविंद घनघोरिया के नेतृत्व में डॉ. अजय गंगजी, डॉ. नवीन गुप्ता और डॉ. आशीष मिश्रा सहित विशेषज्ञों की पूरी टीम तैनात रही। डॉक्टरों ने मरीज की रिकवरी सुनिश्चित करने के लिए ऑपरेशन के अगले दिन से ही उन्हें चलने-फिरने के लिए प्रोत्साहित किया।

### दो वर्षों के अंतराल के बाद पुनः सेवा प्रारंभ हो रही

डॉ. अरविंद घनघोरिया ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि एमवाय अस्पताल में बेरियाट्रिक सर्जरी की सुविधा लगभग 10 वर्ष पूर्व शुरू की गई थी, किंतु तकनीकी कारणों से पिछले दो वर्षों से यह सेवा बंद थी। वर्तमान में मोटापे से ग्रसित मरीजों की बढ़ती संख्या और उनकी आवश्यकताओं को देखते हुए इस सेवा को पूर्ण रूप से नियमित किया जा रहा है। 23 फरवरी से शुरू होने वाली ओपीडी में मरीज अपनी जांच करवा सकेंगे।

# CM मोहन यादव के बड़े ऐलान: मप्र में महिलाओं को ३३% आरक्षण, महू में १०० बेड अस्पताल और बच्चों को मिलेगा दूध



**इंदौर । संभाग पोस्ट**
**मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को अम्बेडकर नगर (महू), इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं. उन्होंने महू को तीर्थों की नगरी बताते हुए कहा कि यह डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली है और समीप स्थित जानापाव भगवान परशुराम की जन्मस्थली के रूप में माना जाता है.**

### महिलाओं के लिए ३३ प्रतिशत आरक्षण का भरोसा

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2029 तक नए परिसीमन के साथ लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा. उन्होंने लाड़ली बहना योजना का जिक्र करते हुए बताया कि यह 1000 रुपये से शुरू होकर अब 1500 रुपये तक पहुंच गई है.

### किसानों के लिए डबल सहायता

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि किसानों को 6 हजार रुपये केंद्र सरकार और 6 हजार रुपये राज्य सरकार दे रही है. किसान कल्याण सरकार की प्राथमिकता है. महू में 100 बेड का नया अस्पताल बनाया जाएगा. सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले को 25 हजार रुपये दिए जाएंगे. अंगदान करने वालों को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया जाएगा.

### बच्चों के पोषण और परंपरा को बढ़ावा

अगले सत्र से कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को दूध पिलाने की व्यवस्था की जाएगी. साथ ही भगोरिया पर्व को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे और जनता का विश्वास ही सरकार की ताकत है.

### मुख्यमंत्री का महू दौरा

बता दें कि मुख्यमंत्री ने अंबेडकर नगर, जिला इंदौर में 'सांदीपनि विद्यालय' सहित अन्य कार्यों का लोकार्पण एवं विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया. उन्होंने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी दी कि आने वाले समय में महू-खंडवा रेलवे लाइन प्रारंभ होने से कनेक्टिविटी बेहतर होगी और क्षेत्र के विकास को गति भी मिलेगी. यह भी लिखा कि आज काकड़पुरा तालाब, डॉ. अम्बेडकर नगर में महान विचारक एवं भारत रत्न श्रद्धेय नानाजी देशमुख जी की प्रतिमा का अनावरण किया. नानाजी देशमुख जी का संपूर्ण जीवन अंत्योदय के सिद्धांत, आत्मनिर्भर ग्राम विकास और सामाजिक समरसता के संकल्प को समर्पित रहा. उनके आदर्श हमें सेवा, संगठन और राष्ट्र निर्माण की दिशा में निरंतर प्रेरित करते रहेंगे.

# लसूडिया, विजयनगर और तुकोगंज थाने वाहन चोरी के हॉट स्पॉट

**इंदौर । संभाग पोस्ट**
शहर में वाहन चोरी पर पुलिस लाख प्रयास के बाद भी अंकुश नहीं लगा पा रही है। तीन थाने ऐसे है जो वाहन चोरी का हॉट स्पॉट बने हुए है। लसुडिया थाने से सब से अधिक गाडिया चोरी हो रही है। कल फिर एक ही रात में तीन गाडियां चोरी हुई है।लसुडिया थाने में कल रात तीन गाडियां चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। बताते है कि एक दिन भी ऐसा नहीं जाता है जब यहां वाहन चोरी की कोई रिपोर्ट दर्ज न हो। बताते है कि एक माह में यहां से 70 से अधिक गाडिया चोरी हो रही है। वहीं विजयनगर थाना भी हॉट स्पॉट है। यहां भी रोजाना एक से दो गाडिया चोरी हो रही है। हर माह 60 से अधिक गाडिया यहां से चोरी होती है। तीसरे नंबर पर तुकोगंज थाना है। यहां भी वाहन चोरी लगातार जारी रहती है। कल भी यहां एक गाड़ी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज हुई है। कुछ दिन पहले क्रिकेट मैच के दौरान यहां से एक ही दिन में तीस से अधिक गाडिया चोरी हुई थी। इसके बाद पुलिस ने हॉट स्पॉट चिन्हित किए ओर दो चोर गिरोह पकड़े थे। लेकिन फिर भी वाहन चोरी पर अंकुश नहीं लगा है। पुलिस का कहना है कि इन क्षेत्रों में मॉल, बार और अस्पताल है। जहां से सब से अधिक गाडियां चोरी होती है। साल में शहर में तीन हजार से अधिक गाडिया चोरी हो रही है लेकिन पुलिस इसको रोकने में अब तक नाकाम ही साबित हुई है। बताते है कि वाहन चोरी के पीछे देवास का कंजर गिरोह और धार-टांडा का गिरोह प्रमुख है। कंजर गिरोह पूर्वी क्षेत्र में सक्रिय है जो धार-टांडा का गिरोह पश्चिम क्षेत्र और देहात में गाडिया चुराता है।

# मध्यांचल मंडल की प्रथम बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न





**भोपाल । संभाग पोस्ट**
**मध्यांचल मंडल की प्रथम बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह शहर के एमराल्ड होटल में मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता की अध्यक्षता में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 12 शाखा सभाओं के अध्यक्ष, सचिव, कार्यसमिति सदस्य एवं मंडल पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।**
बैठक के दौरान सभी शाखा सभाओं के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए संगठन की गतिविधियों, सामाजिक कार्यों और भविष्य की योजनाओं पर अपने विचार साझा किए। अवंतिका साका सभा उज्जैन से मनीष गुप्ता, बछरवार से संदीप गुप्ता, भोपाल शहरी क्षेत्र शाखा से मुनेश गुप्ता, पुराना भोपाल से राजेंद्र गुप्ता, होशंगाबाद से मनीष गुप्ता एवं अरुण गुप्ता, मुरैना से रामकुमार गुप्ता एवं रमेश गुप्ता (अध्यक्ष, मुरैना शाखा सभा) सहित अन्य प्रतिनिधियों ने सभा को संबोधित किया।
कार्यक्रम का संचालन आर.सी. गुप्ता (न्यू भोपाल) ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन मंत्री नवीन गुप्ता (इंजीनियर) ने व्यक्त किया। मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता ने अपने उद्बोधन में संगठन की एकजुटता, सामाजिक उत्थान और युवाओं की भागीदारी पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने मंडल के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में इंदौर से रविंद्र गुप्ता, गोविंद गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, नवीन गुप्ता एवं मुनेश गुप्ता, लश्कर शाखा सभा से सुनील गुप्ता, जबलपुर से अभयकांत गुप्ता, भोपाल से सेवानिवृत्त जिलाधीश उमेश गुप्ता, न्यू भोपाल से अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता, मंत्री लोकेश गुप्ता सहित अनेक गणमान्य समाजबंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर जबलपुर के समाजसेवी विष्णु दत्त गुप्ता को उनके सेवा भाव और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए मंडल की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने सहभोज का आनंद लिया। मध्यांचल मंडल के संरक्षक ओम प्रकाश गुप्ता (इंदौर) ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए इसे संगठन की एकता और सामाजिक सक्रियता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# इंदौर की वोटर लिस्ट का काम पूरा, जिले में कुल 24 लाख 86,996 मतदाता

**इंदौर । नगर प्रतिनिधि**
इंदौर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण हो गया है। आज मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। जिले में अब कुल 24 लाख 86 हजार 996 मतदाता दर्ज हैं। इनमें 12 लाख 52 हजार 332 पुरुष मतदाता, 12 लाख 34 हजार 569 महिला मतदाता तथा 95 अन्य मतदाता शामिल हैं। यह जानकारी आज यहां कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक में दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नवजीवन विजय पवार सहित अन्य अधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।
बैठक में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया, प्राप्त दावों-आपत्तियों के निराकरण तथा अंतिम प्रकाशन से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि आज अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 24 लाख 86 हजार 996 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 12 लाख 52 हजार 332 पुरुष, 12 लाख 34 हजार 569 महिला तथा 95 अन्य (थर्ड जेंडर) मतदाता शामिल हैं। जिले का समग्र जेंडर रेश्यो 986 दर्ज किया गया है। जिले के विधानसभा क्षेत्र 203 देपालपुर में कुल 2 लाख 55 हजार 354 मतदाता, 204 इंदौर-1 में कुल तीन लाख 11 हजार 268 मतदाता, विधानसभा 205 इंदौर-2 में कुल 2 लाख 89 हजार 962 मतदाता, विधानसभा 206 इंदौर-3 में कुल एक लाख 54 हजार 131 मतदाता, विधानसभा 207 इंदौर-4 में कुल 2 लाख 18 हजार 147 मतदाता, विधानसभा 208 इंदौर-5 में कुल 3 लाख 52 हजार 849 मतदाता, विधानसभा 209 डॉ. अंबेडकर नगर (महू) में कुल 2 लाख 66 हजार 115, विधानसभा क्षेत्र 210 राऊ में कुल 3 लाख 38 हजार 544 मतदाता तथा विधानसभा 211 सांवेर में कुल 3 लाख 626 मतदाता हैं। बैठक में बताया गया कि पुनरीक्षण के दौरान फार्म-6 के कुल 79 हजार 660 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 71 हजार 114 फार्म स्वीकार किये गये। फार्म-7 के 6 हजार 796 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 5 हजार 959 आवेदन स्वीकार किये गये। इसी प्रकार फार्म-8 के 54 हजार 928 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 49 हजार 396 आवेदन स्वीकार किये गये। इस तरह जिले में कुल एक लाख 41 हजार आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से एक लाख 26 हजार 469 आवेदन स्वीकार किये गये। जानकारी दी गई कि जिले में 23 दिसंबर को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में 24 लाख 20 हजार 171 मतदाता थे। जिनमें 12 लाख 20 हजार 628 पुरुष मतदाता, 11 लाख 99 हजार 450 महिला मतदाता और 93 अन्य थर्ड जेंडर मतदाता शामिल थे।

# नर्मदाप्रसाद उपाध्याय और अतुल तारे को मिला हिन्दी गौरव अलंकरण 2026

## पाँच कवियों को भी काव्य गौरव अलंकरण मिला







**इंदौर। संभाग पोस्ट**
**हिन्दी के समवेत स्वर के रूप में कार्यरत 'मातृभाषा उन्नयन संस्थान' द्वारा रविवार को प्रेस क्लब में हिन्दी गौरव अलंकरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें वर्ष 2026 का हिन्दी गौरव अलंकरण वरिष्ठ साहित्यकार नर्मदा प्रसाद उपाध्याय व अतुल तारे को विभूषित किया गया।**

समारोह के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल विष्णु सदाशिव कोकजे व अध्यक्षता देअ विवि के कुलगुरु प्रो. राकेश सिंघई ने की, साथ ही, भारतीय जन संचार संस्थान, नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी विशेष अतिथि रहे।

अतिथियों का स्वागत नितेश गुप्ता, डॉ. नीना जोशी, पारस बिरला, राजेश यादव, विलास राणे, मणिमाला शर्मा, प्रदीप जोशी, संजय त्रिपाठी व श्याम कामले ने किया। स्वागत उद्बोधन डॉ. अर्पण जैन 'अविचल' एवं संचालन डॉ. अखिलेश राव ने किया। अभिनन्दन पत्र वाचन आशीष पँवार व चेतन जोशी ने किया।

हिन्दी गौरव अलंकरण समारोह में काव्य साधकों में नागदा से कमलेश दवे, माण्डव से डॉ. पंकज प्रसून चौधरी, उज्जैन से निशा पण्डित, बड़नगर से पुष्पेंद्र जोशी पुष्प और भोपाल से शिवांगी प्रेरणा को काव्य गौरव अलंकरण प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि श्री कोकजे ने कहा कि 'प्राथमिक पढ़ाई मातृभाषाओं में होगी, तब ही प्रगति सम्भव होगी। इच्छाशक्ति के बलवान होने से भाषाओं का विस्तार होगा।'

कुलगुरु प्रो. सिंघई ने कहा कि 'भविष्य की चिंताओं के बीच भी हिन्दी ज़िंदा रहेगी। और हिन्दी के साथ-साथ देवनागरी का साथ चाहिए।'

डॉ. संजय द्विवेदी ने कहा कि 'भाषा और भारतीयता की चिंता आवश्यक है, इसी बीच भारत में हिन्दी विरोध के साथ-साथ अन्य बोलियों के बीच भाषाओं के प्रति पाखण्ड पर्व बन्द होना चाहिए।'

सम्मान मूर्ति नर्मदा प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि 'लोक से हिन्दी समृद्ध है, इसी बीच साहित्य और कला के अंतरसंबंध मज़बूत होंगे और इनके बीच आज अन्तरानुशासन की आवश्यकता है।'

सम्मान मूर्ति अतुल तारे ने कहा कि 'हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार में समाचार पत्रों की अहम भूमिका रही है। आभासी दुनिया यानी एआई का युग है, इसमें अपनी भाषा से जुड़ाव स्व का बोध करवाता है।'

आयोजन में साहित्यकार संध्या राणे के कविता संग्रह 'शुभम् करोति' का लोकार्पण भी हुआ।

इस अवसर पर पुरुषोत्तम दुबे, योगेन्द्रनाथ शुक्ल, डॉ. पद्मा सिंह, जयंत भिसे, जय सिंह रघुवंशी, संध्या रॉय चौधरी, डॉ. सुनीता फड़नीस, डॉ. सुशीम पगारे, लक्ष्मीकांत पंडित, डॉ. अनुपमा समाधिया, डॉ. अनुपमा छाजेड़, अभय तिवारी, मॉर्टिन पिंटो, धर्मेश यशलहा, डॉ. अरुण सिर्वी, प्रशांत राव चोरसे, सौरव गौसर, अभय तिवारी, संजय पंजवानी आदि मौजूद रहे।

# संभाग पोस्ट सामाजिक दृढ़ता संकल्प अभियान

## अब आपकी आवाज होगी बुलंद लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के संग

आज के समाज में हम देख रहे हैं की शहरी परिवेश की बात करें या ग्रामीण परिवेश की आज के परिवेश में व्यक्ति अकेला पड़ता जा रहा है। आधुनिक तकनीकियों का इस्तेमाल करते-करते अपने आप को अकेला महसूस करता है, जब उसके ऊपर ऐसी कोई विपत्ति आती है की जब उसके परिवारजन या मित्र बंधु उसका साथ दे। तब वह पता है कि वह अकेला खड़ा है। यह आज के समाज का सत्य है। यह भारत के ७० प्रतिशत लोगों की सच्चाई है वह किसी भी प्रकार की समस्या में हो चाहे पारिवारिक या मानसिक, सामाजिक, प्रशासनिक या चिकित्सकीय हो ऐसी किसी भी समस्या में वह पाता है कि वह अकेला है। और यदि ऐसे मे किसी मोड़ पर कुछ व्यवधान उत्पन्न हो तब वह नीरस हो जाता है, और किसी न किसी प्रकार की गलती कर बैठता है। समाज की ऐसी सबसे बड़ी समस्या को लेकर हमने सामाजिक दृढ़ता संकल्प का अभियान चलाया है जिसके तहत हम उन सभी ऐसे लोगों के साथ खड़े हुए हैं जो हमसे जुड़ेंगे तथा वे लोग जो हमसे किसी न किसी प्रकार से जुड़े हुए हैं, हमारा प्रयास यह होगा कि ऐसी किसी भी समस्या में हम उनके साथ खड़े हो जिस जगह पर वह सही है और उन्हें व्यवधान,समस्या का सामना करना पड़ रहा है, ऐसी स्थिति में संभाग पोस्ट परिवार उनके साथ खड़ा है।

- समाज में एक कहावत प्रचलित है सत्य परेशान हो सकता है। पराजित नहीं हो सकता,
- ईश्वर की इसी प्रेरणा को हमारे मीडिया चैनल हमारे अखबार ने आत्मसात किया है और हम उन सभी समाज जनों के साथ खड़े हैं जिनके साथ सत्य है।
- ईश्वर सत्य का साथ देने वाले उनके अनुयायियों की सहायता करने स्वयं नहीं आते किंतु किसी न किसी माध्यम से सत्य का साथ दे रहे व्यक्ति की सहायता जरूर करते हैं।
- हम अपने आप को धन्य समझते हैं कि हमने यह मुहिम चलाई है जिसके तहत यदि आपके साथ सत्य है तो हम आपके साथ सदा खड़े हुए हैं
- हमारे चैनल और हमारे अखबार से जुड़े हुए सभी सदस्य गण जिनकी किसी भी प्रकार की परेशानी अब उनकी नहीं वह हमारी है।
- जब समाज दृढ़ होगा, सत्य की विजय होगी जब एकता और समान व्यवहार और ज्ञान होगा तब हमारा समाज एक नए भारत का दृढ़ निश्चय भारत का निर्माण कर पाएगा
- यदि आपका काम, स्वयं आप और आपका विचार, सत्य के साथ है तो वह आपका नहीं अपितु वह हमारा विचार होगा , क्योंकि आप भारत के चौथे स्तंभ मीडिया के साथ है
- अब आम आदमी की आवाज आम आदमी की नहीं अपितु उसके साथ हमारी भी आवाज होगी इसलिए आपसे निवेदन है कि हमारे साथ शीघ्र से शीघ्र जुड़े और अपनी आवाज को एक नया आयाम दें और अपने समाज को अपने परिवार को और अपने देश को सशक्त बनाएं
- हमारे साथ जुड़ने के लिए आपको कोई नया प्रयास नहीं करना केवल सामाजिक दृढ़ता संकल्प संभाग पोस्ट अभियान का एक फॉर्म भरना है



## विचार न कीजिए तुरंत संपर्क करें: 9755648321

क्योंकि दृढ़ होगा समाज तो सशक्त होगा भारत और खुशहाल होगा हमारा परिवार

सत्यम,शिवम्,सुंदरम। सत्यमेव जयते

भारत माता की जय वंदे मातरम



# पंवासा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन, उमड़ा आस्था का सैलाब

**उज्जैन । संभाग पोस्ट**

पंवासा मक्सी रोड स्थित क्षेत्र में मारवाड़ा नायक समाज द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में भव्य समापन हुआ। इस धार्मिक आयोजन का आयोजन समाज के आदरणीय श्री संजय पवार एवं उनके सुपुत्र श्री करण पवार द्वारा किया गया। कथा के अंतिम दिवस बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और धर्म लाभ प्राप्त किया। कथा के दौरान व्यास गादी पर विराजमान पंडित श्री तिवारी जी ने श्रीमद्भागवत कथा का भावपूर्ण वाचन किया। उन्होंने भगवान की भक्ति, धर्म, सत्कर्म और मानव जीवन के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को धर्ममय जीवन जीने का संदेश दिया। कथा पांडाल में पूरे सात दिनों तक भक्ति, भजन और आध्यात्मिक प्रवचनों की गूंज सुनाई देती रही। आयोजन के सफल संचालन में पवार परिवार की विशेष भूमिका रही। समाजजनों ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे एक प्रेरणादायी धार्मिक पहल बताया। इस अवसर पर श्री अनिल सिंदल, संतोष पवार, रोहित पवार एवं नंदकुमार कुशवाह सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे और सहभागिता निभाई। समापन अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल से सभी के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। समाजजनों ने इस निस्वार्थ धार्मिक आयोजन के लिए श्री संजय पवार एवं श्री करण पवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

## खरगोन में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 28.5 किलो गांजा जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार




**खरगोन । संभाग पोस्ट**

जिले में मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जैतापुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 28 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 4 लाख 27 हजार रुपये बताई जा रही है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी राजेश और कैलाश, निवासी वरला, जिला बड़वानी, डाबरिया रोड क्षेत्र में गांजा लेकर जा रहे थे। मुखबिर सूचना के आधार पर घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से गांजा और परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है तथा उनसे पूछताछ जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए सख्त अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# दिल्ली ए.आई. कॉन्फ्रेंस प्रकरण के विरोध में भाजयुमो का प्रदर्शन, कांग्रेस कार्यकर्ताओं से हुई झड़प

**पीथमपुर । संभाग पोस्ट**

दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ए.आई. कॉन्फ्रेंस के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कथित रूप से किए गए प्रदर्शन के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा देशभर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन का आह्वान किया गया था। इसी क्रम में शनिवार को पीथमपुर में भी भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

नगर अध्यक्ष सौगात मिश्रा एवं मनोज सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मच्छीबाजार चौराहा, पी.वाय. रोड पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'भारत माता की जय' एवं 'वंदे मातरम' के नारे लगाए और आक्रोश का प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे (नेता प्रतिपक्ष) एवं अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवादित स्थिति निर्मित हो गई। बढ़ते तनाव को देखते हुए पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए स्थिति को नियंत्रित किया।

पुलिस प्रशासन द्वारा दोनों पक्षों को समझाइश दी गई तथा मामले में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। प्रशासन की तत्परता से स्थिति को समय रहते शांत कर लिया गया, जिससे कोई बड़ी घटना घटित नहीं हो सकी।





APPLIED FORENSIC SCIENCE LABORATORY

Email: afslindore23@gmail.com Mobile No: +91 9366381689 +91 9977649317

SERVICES
- Handwriting Examination.
- Signature Examination.
- Fingerprint Examination.
- Deleted Data Recovery from Mobile Phones, Hard Drive.
- Laptop, Desktop Computer, Pen drive.
- Complete Examination of Digital Instrument i.e. Mobile.
- phones, Laptop, Desktop Computers, in case of Hacking.
- Voice Analysis and Voice Comparison.
- Examination of Alteration in any Documents.
- Examination of Erased Writing.
- Examination of Audio Clips and Video Clips.
- Preparation of Fingerprint Records for Corporate Offices.
- Examination of Arson Cases.
- DNA Examination for Paternity and Maternity.
- Forensic Consultancy.
- Forensic Investigation of Insurance Claims.
- Property Investigation.
- Crime Scene Investigation.
- Audio Transcription.

FORENSIC EXPERT

Rakesh Mia
+91 93663 81689

Vijay Panchal
+91 9977649317

Head Office
Applied Forensic Science Laboratory
8/1, 2nd foor, Moti Tabela, Near
Collectorate Office, Indore, MP, 452007

Branch Office
Chandra Forensic Science
lab
Chandigarh/New Delhi












## शिक्षा से इंडस्ट्री तक AI का विस्तार

# देश का 5वां अग्रणी राज्य बना MP



**नई दिल्ली । संभाग पोस्ट**

**मध्य प्रदेश ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल में देश में पांचवां स्थान हासिल किया है। अब एआई एजुकेशन, डेटा सेंटर और इंडस्ट्री इकोसिस्टम के जरिए युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार और स्टार्टअप के बड़े अवसर देने की तैयारी है।**

मध्य प्रदेश अब सिर्फ कृषि और परंपरागत उद्योगों तक सीमित नहीं रहना चाहता। प्रदेश तकनीक की नई दौड़ में शामिल हो चुका है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के क्षेत्र में एमपी ने बड़ी छलांग लगाई है और अब यह देश का पांचवां अग्रणी राज्य बन गया है। राजधानी भोपाल से लेकर इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर तक तकनीक की नई बयार बहने लगी है। सरकार का कहना है कि आने वाले समय में एआई आधारित पढ़ाई, इंडस्ट्री सर्टिफिकेशन और रोजगार का एक नया ढांचा तैयार किया जाएगा।

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 के समापन सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पष्ट किया कि मध्य प्रदेश को निवेश का बड़ा केंद्र बनाने की दिशा में काम शुरू हो चुका है। प्रदेश में बड़ा डेटा सेंटर स्थापित करने की योजना पर तेजी से प्रयास चल रहे हैं। सरकार की सोच साफ है कि डेटा, तकनीक और टैलेंट एक ही जगह विकसित हों, ताकि युवाओं को बाहर जाने की जरूरत न पड़े।

### AI इस्तेमाल में 5वां राज्य बनने का क्या मतलब

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश AI इस्तेमाल के मामले में देश का पांचवां अग्रणी राज्य बन चुका है। इसका मतलब यह है कि सरकारी और निजी क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग तेजी से बढ़ा है। खासकर मेडिकल क्षेत्र में एआई की मदद से बीमारियों की पहचान और इलाज को बेहतर बनाया जा रहा है। अस्पतालों में जांच रिपोर्ट के विश्लेषण, एक्स-रे और स्कैन की पढ़ाई में एआई तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है। जब कोई राज्य एआई इस्तेमाल में आगे बढ़ता है, तो इसका सीधा असर प्रशासन, स्वास्थ्य, शिक्षा और उद्योग पर पड़ता है। इससे काम की गति तेज होती है और फैसले ज्यादा सटीक होते हैं। अब सरकार चाहती है कि इस उपलब्धि को सिर्फ मेडिकल तक सीमित न रखा जाए, बल्कि शिक्षा, स्टार्टअप और इंडस्ट्री तक इसका विस्तार किया जाए।




### प्रदेश में तैयार होगा मजबूत AI इकोसिस्टम

सरकार ने साफ किया है कि प्रदेश में एक मजबूत एआई इकोसिस्टम बनाया जाएगा। इसका मतलब है कि एआई से जुड़ी हर जरूरी सुविधा एक साथ विकसित की जाएगी। इसमें कंप्यूटर इंफ्रास्ट्रक्चर, डेटा सेंटर, जीपीयू जैसी हाई-परफॉर्मेंस मशीनें शामिल होंगी। इनकी मदद से बड़ी मात्रा में डेटा प्रोसेस किया जा सकेगा।

दूसरा बड़ा हिस्सा टैलेंट डेवलपमेंट का है। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में एआई की पढ़ाई शुरू की जाएगी। छात्रों को इंडस्ट्री सर्टिफिकेशन भी दिया जाएगा, ताकि वे सीधे नौकरी या स्टार्टअप की दिशा में कदम बढ़ा सकें। सरकार की कोशिश है कि पढ़ाई सिर्फ किताबों तक सीमित न रहे, बल्कि उसे रोजगार से जोड़ा जाए।

तीसरा महत्वपूर्ण हिस्सा स्टार्टअप सपोर्ट का है। एआई आधारित स्टार्टअप को फंडिंग, मेंटरशिप और इन्क्यूबेशन की सुविधा दी जाएगी। इससे नए आइडिया को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। चौथा स्तंभ इंडस्ट्री में एआई अपनाने को प्रोत्साहन देना है, ताकि पारंपरिक उद्योग भी तकनीक के साथ कदम मिला सकें। पांचवां हिस्सा रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा देना है, जिससे प्रदेश में नई तकनीक विकसित हो सके।

### डेटा सेंटर और निवेश की बड़ी तैयारी

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में एआई आधारित बड़ा डेटा सेंटर स्थापित करने के प्रयास चल रहे हैं। इसके लिए देश और विदेश की कंपनियों को आमंत्रित किया गया है। मध्य प्रदेश की भौगोलिक स्थिति और पर्याप्त लैंड बैंक को निवेश के लिए मजबूत आधार बताया गया है। डेटा सेंटर किसी भी एआई सिस्टम की रीढ़ होता है। यहां बड़े स्तर पर डेटा सुरक्षित रखा जाता है और प्रोसेस किया जाता है। अगर मध्य प्रदेश में बड़ा डेटा सेंटर स्थापित होता है, तो इससे हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर बन सकते हैं। आईटी कंपनियां, टेक स्टार्टअप और रिसर्च संस्थान यहां काम करने के लिए आकर्षित होंगे। सरकार की सोच यह है कि डेटा, तकनीक और टैलेंट एक ही जगह विकसित हों। इससे प्रदेश के युवाओं को बाहर महानगरों में जाने की जरूरत कम होगी। वे अपने ही राज्य में आधुनिक तकनीक के साथ काम कर सकेंगे।

### वैश्विक कंपनियों से बैठक और नई साझेदारी

समिट के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कई वैश्विक कंपनियों के प्रतिनिधियों से अलग-अलग बैठकें कीं। Genspark AI और Sarvam AI के साथ पायलट प्रोग्राम और सॉवरेन एआई मॉडल पर चर्चा हुई। इसका उद्देश्य यह है कि प्रदेश अपनी जरूरतों के अनुसार एआई मॉडल विकसित कर सके।

गूगल प्ले के साथ भी बातचीत हुई, जिसमें इंदौर और भोपाल में गेमिंग स्टार्टअप, एआई स्किलिंग और एक्सेलेरेटर इवेंट आयोजित करने पर विचार किया गया। अगर यह योजनाएं जमीन पर उतरती हैं, तो प्रदेश के युवाओं को ऐप डेवलपमेंट, गेम डिजाइन और एआई आधारित सॉफ्टवेयर निर्माण में नए अवसर मिलेंगे। इस तरह की साझेदारियां मध्य प्रदेश को तकनीकी नक्शे पर मजबूत जगह दिला सकती हैं। इससे निवेश बढ़ेगा और स्थानीय प्रतिभाओं को पहचान मिलेगी।

### शिक्षा से रोजगार तक सीधा जुड़ाव

मध्य प्रदेश में एआई एजुकेशन को बढ़ावा देने की योजना सिर्फ डिग्री देने तक सीमित नहीं है। सरकार चाहती है कि कॉलेजों में पढ़ाई के साथ इंडस्ट्री सर्टिफिकेशन भी दिया जाए। इससे छात्रों को यह समझ आएगा कि बाजार में किस तरह की स्किल की जरूरत है। जब छात्र एआई, मशीन लर्निंग और डेटा एनालिटिक्स सीखेंगे, तो वे सीधे आईटी कंपनियों, हेल्थ टेक, एग्रीटेक और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में काम कर सकेंगे। इससे प्रदेश में रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। एआई इस्तेमाल का दायरा बढ़ने से छोटे उद्योग भी डिजिटल बनेंगे और उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी।





















संभाग पोस्ट

# इंदौर में निजी हॉस्टल पर छापाः 23 युवक जुआ खेलते पकड़े, 26 मोबाइल-6 बाइक सहित 5.50 लाख जब्त

■ इंदौर । संभाग पोस्ट

**इंदौर के भंवरकुआ क्षेत्र स्थित एक निजी हॉस्टल में जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने छापेमार कार्रवाई करते हुए करीब दो दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को यहां लंबे समय से जुआ संचालित होने की शिकायतें मिल रही थीं। आसपास छात्र-छात्राएं किराए से रहते हैं, जिससे क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों को लेकर चिंता बनी हुई थी। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।**

भंवरकुआ थाना के टीआई राजकुमार यादव और उनकी टीम ने गणेश नगर स्थित एक निजी हॉस्टल पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान अंदर 23 युवक ताश के पत्तों पर दांव लगाते हुए मिले। पुलिस के मुताबिक यह जुआ अड्डा भोला कोचले, हरिओम जादौन और समाधान झुमड़े द्वारा संचालित किया जा रहा था।



## ये आरोपी पकड़े गए

पुलिस ने मौके से राकेश झाकरे, रितेश राठौर, पवन पंवार, राजेश नरवरिया, सुनील रमेश राठौर, सुनील जगदीश राठौर, अनिल राठौर, विक्रम राठौर, भरत नाथ, रमेश यादव, मुकेश राठौर, श्याम सुनाने, भरत राठौर, श्यामलाल, मुकेश कौशल, कपिल यादव, राकेश पंवार, हिम्मत सिंह और उमेश तंवर सहित कुल 23 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## साढ़े पांच लाख नकद और वाहन जब्त

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब साढ़े पांच लाख रुपए नकद, छह बाइक और 26 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि अधिकांश आरोपी नौकरीपेशा हैं और रविवार होने के चलते जुआ खेलने पहुंचे थे। पुलिस के अनुसार हर शनिवार और रविवार यहां बड़े स्तर पर जुआ की बैठक आयोजित होती थी।

## बाइक रैली निकालने पर आयोजक पर कार्रवाई

आजाद नगर पुलिस ने बिना अनुमति बाइक रैली निकालने के मामले में युवराज पुत्र शिलादित्य निवासी ग्राम जामनिया के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की है। रैली के कारण क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई थी। पुलिस के अनुसार डेली कॉलेज परिसर के बाहर बड़ी संख्या में बाइक राइडर्स रैली के लिए रेडी पोजीशन में खड़े थे। इसके बाद रैली कॉलेज से निकलकर चौराहे तक पहुंची, जहां यातायात प्रभावित हुआ और जाम लग गया। मौके पर मौजूद बाइकर्स ने पुलिस को बताया कि यह रैली 'इंडिया बाइक बिक' के नाम से आयोजित की गई थी, जिसका आयोजन युवराज द्वारा किया गया था। रैली डेली कॉलेज से सीधे जामनिया तक प्रस्तावित थी। पुलिस के मुताबिक युवराज हर सप्ताह विभिन्न पिकनिक स्पॉट पर ट्रैकिंग और राइडिंग के लिए युवाओं को आमंत्रित करते हैं। हालांकि इस बार निकाली गई रैली के लिए थाने से किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई थी। इस संबंध में टीआई लोकेश भदौरिया ने बताया कि बिना अनुमति सार्वजनिक रैली निकालना नियमों का उल्लंघन है, इसलिए युवराज के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में इस तरह के आयोजनों के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य होगी।

# भागीरथपुरा में 30 से ज्यादा बीमार



## जन्मदिन की पार्टी में दूषित भोजन खाने से हुई फूड पाइजनिंग

■ इंदौर । संभाग पोस्ट

इंदौर के भागीरथपुरा में एक बच्चे की जन्मदिन पार्टी में आए मेहमान उल्टी-दस्त का शिकार हो गए, हालांकि इस बार बीमारी की वजह दूषित पानी नहीं, बल्कि दूषित भोजन था। पार्टी में शामिल हुए लोग जब दाल-बाफले खाकर अपने घरों पर पहुंचे तो उन्हें उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। इसके बाद वे अलग-अलग स्वास्थ्य केन्द्रों में इलाज कराने गए, राहत की बात है कि कोई गंभीर बीमार नहीं हुआ। साथ ही अस्पताल में भर्ती कराने की नौबत नहीं आई। भागीरथपुरा की शुक्ला गली में आकाश मुकिशया के बेटे का जन्मदिन शनिवार को मनाया गया। उन्होंने अपने रिश्तेदारों और परिचितों को बुलाया था। खाने में दाल-बाफलें, लड्डू और अन्य व्यंजन थे। रविवार सुबह कुछ लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। मुकिशया के अनुसार 30 से ज्यादा लोग बीमार हुए, हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले में दो केसों की पुष्टि की है। मामला भोजन से जुड़ा होने के कारण खाद्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने भोजन के सैंपल लिए हैं। इसके अलावा नगर निगम ने भी पानी के सैंपल लिए हैं। अभी तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। आकाश ने बताया कि घर पर ही खाना बनाया था। 60 से ज्यादा मेहमानों को बुलाया गया था। खाने में हमने बोरिंग का पानी उपयोग में लिया था। फिलहाल डॉक्टरों ने फूड पॉइजनिंग की बात कही है। आकाश ने कहा कि मेरी पत्नी, भाई और भाभी भी बीमार हैं। उन्हें भी हम सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र में दिखाने ले गए थे। मेहमान शहर के अलग अलग इलाकों में रहते है, हालांकि सभी की तबीयत ठीक है, चिंता की कोई बात नहीं है। उधर मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी ने कहा कि रविवार को कुछ लोगों को पेट दर्द की शिकायत हुई, भागीरथपुरा की सरकारी डिस्पेंसरी में दो लोग इस शिकायत को लेकर आए थे। बाकी मरीजों के बारे में जानकारी नहीं है।



# आसमान से 'तीसरी आंख' की निगरानी

## इंदौर में ड्रोन से कटे चालान, राजबाड़ा में हड़कंप

■ इंदौर । संभाग पोस्ट

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए इंदौर पुलिस ने स्मार्ट पुलिड्क्सिग की दिशा में कदम बढ़ाते हुए ड्रोन सर्विलांस अभियान शुरू किया है। रविवार रात डीसीपी क्राइम (प्रभारी ट्रैफिक) राजेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में राजबाड़ा, विजयनगर और एमआइजी जैसे व्यस्त क्षेत्रों में हाई-रेजोल्यूशन ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई।

### रात 9 बजे उड़ाए ड्रोन

अभियान के दौरान नियम तोड़ने वालों के चालान काटे गए। इंदौर के राजबाड़ा में डिजिटल पेट्रोलिंग रविवार रात करीब 9 बजे राजबाड़ा क्षेत्र में ड्रोन उड़ाए गए। कंट्रोल रूम से लाइव फुटेज की मॉनिटरिंग की गई और उल्लंघन सामने आते ही ग्राउंड टीम को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए। संकरे और भीड़भाड़ वाले बाजारों में ड्रोन कैमरों ने ट्रैफिक दबाव और अव्यवस्था की पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### इन उल्लंघनों पर रही खास नजर

ड्रोन सर्विलांस के दौरान पुलिस ने मुख्य रूप से चार तरह की गलतियों पर कार्रवाई की गई इनमें

- नो-पार्किंग में वाहन खड़ा करना, रॉन्ग साइड ड्राइविंग।
- लेफ्ट टर्न बाधित करना।
- दुकानों के बाहर अतिक्रमण कर मार्ग अवरुद्ध करना।

### स्पेशल टीमें भी सक्रिय

ड्रोन से चिन्हित वाहन चालकों के खिलाफ पेट्रोलिंग टीमों ने मौके पर चालानी कार्रवाई की। शहर के चारों जोन में विशेष टीमें ने अभियान चलाकर नियमों का पालन सुनिश्चित कराया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार विजयनगर और एमआइजी जैसे व्यावसायिक क्षेत्रों में यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पुलिस का कहना है कि स्मार्ट तकनीक से ट्रैफिक अनुशासन आएगा।

# इंदौर जिला जेल बनी 'रील बाज' बदमाशों का अड्डा

## जेल परिसर में वीडियो बनाकर वायरल कर रहे

■ इंदौर । संभाग पोस्ट

इंदौर की जिला जेल जो शहर का अति संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है, अब बदमाशों के लिए रील शूटिंग स्पॉट बनती नजर आ रही है. जेल की चौखट और परिसर के बाहर खड़े होकर कुछ युवकों ने रील बनाई और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया. वीडियो सामने आने के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं. बताया जा रहा है कि संबंधित बदमाशों ने जिला जेल परिसर के पास वीडियो शूट किया, जबकि नियमों के मुताबिक इस क्षेत्र में बिना अनुमति फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पूरी तरह प्रतिबंधित है. इसके बावजूद रील बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर दी गई, जो अब तेजी से वायरल हो रही है.

मामले को गंभीरता से लेते हुए क्राइम ब्रांच की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल जांच में जुट गई है. वीडियो पोस्ट करने वाले युवकों की पहचान की जा रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि रील कब और कैसे बनाई गई. सुरक्षा एजेंसियां यह भी जांच कर रही हैं कि कहीं यह सुरक्षा में चूक तो नहीं है. जिला जेल जैसे संवेदनशील स्थान पर इस तरह की गतिविधि प्रशासन के लिए चिंता का विषय बन गई है. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी की जा रही है.


स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक नवीन गलकर द्वारा अपनी दुनिया प्रिंटर्स, 13 प्रेस काम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-119, वीणा नगर, सुखलिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादकः नवीन गलकर, मो. 9009919948